खबरों में रहे स्टॉक

अशोक लीलैंड

चेन्नई की एमटीसी से 500 इलेक्ट्रिक बसों का ऑर्डर हासिल किया

₹ 214.2 पिछला बंद भाव
₹ 217.3 आज का बंद भाव
1.4 % ▲

रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया

गुजरात सरकार के गृह विभाग से 144 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला

₹ 396.7 पिछला बंद भाव
₹ 415.0 आज का बंद भाव
4.6 % ▲

अदाणी विल्मर

वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही के दौरान 311 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया

₹ 318.9 पिछला बंद भाव
₹ 340.3 आज का बंद भाव
6.7 % ▲

सोना बीएलडब्ल्यू प्रिसिजन

रेलवे उपकरण अनुभाग का अधिग्रहण करने के लिए एस्कॉर्ट कुबोटा के साथ करार

₹ 642.5 पिछला बंद भाव
₹ 729.3 आज का बंद भाव
13.5 % ▲

ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया

वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ पिछले साल के मुकाबले 22 प्रतिशत बढ़ा

₹ 1,011.0 पिछला बंद भाव
₹ 1,039.4 आज का बंद भाव
2.8 % ▲

एनवीडिया ने किया रिलायंस के साथ करार

पृष्ठ 1 का शेष

हुआंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब छह साल पहले इसकी परिकल्पना की थी। उन्होंने कहा, 'छह साल पहले प्रधानमंत्री मोदी ने मुझे एआई पर अपने मंत्रिमंडल को संबोधित करने के लिए कहा था। मैं हैरान था क्योंकि किसी सरकार ने पहली बार मुझे ऐसा करने के लिए कहा था। मोदीजी ने कहा कि भारत को अपना एआई खुद बनाना चाहिए, न कि आउटसोर्स करना चाहिए। आपको इंटेलिजेंस आयात करने के लिए डेटा निर्यात नहीं करना चाहिए।'

हुआंग ने कहा कि भारत बड़े पैमाने पर कंप्यूटिंग दक्षता विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत में साल 2024 के अंत तक कंप्यूटिंग दक्षता एक साल पहले के मुकाबले करीब 20 गुना अधिक होगी। उन्होंने कहा, 'यहां एआई परिवेश तैयार करने के लिए सबसे पहले बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ध्यान देना होगा। हमने यहां बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए योट्टा, ई2ई, टाटा कम्युनिकेशंस और रिलायंस के साथ करार की घोषणा की है।'

सवाल जवाब

इंटेलिजेंस के निर्यात में भारत की बड़ी भूमिका

एनवीडिया के संस्थापक और मुख्य कार्य अधिकारी येन्सन हुआंग का मानना है कि इंटेलिजेंस के निर्यात में भारत की बहुत बड़ी भूमिका है। संवाददाता सम्मेलन में शिवानी शिंदे से बातचीत में उन्होंने रिलायंस संग साझेदारी, टीएसएमसी से परे अपने संबंधों में विविधता लाने और बड़ी संख्या में जनता के लिए एआई को सुलभ बनाने पर बातचीत की। मुख्य अंशः

रिलायंस के साथ साझेदारी पर आप क्या कहेंगे?

हम तीन चीजें करेंगे। हम एआई कंप्यूटर के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करने जा रही है और यह काफी बड़े पैमाने पर किया जाएगा। हमने भले अभी तक इसकी घोषणा नहीं की है, लेकिन यह काफी बड़े स्तर पर होगा। दूसरा, हम एक नवाचार केंद्र शुरू करने जा रहे हैं ताकि एनवीडिया की तकनीक का इस्तेमाल एआई प्लेटफॉर्म बनाने के लिए रिलायंस इंजीनियर कर सके। तीसरा, ऐसे ऐप्लिकेशन तैयार करेंगे, जिसे रिलायंस भारत में अपने ग्राहकों को पेश कर सके। हिंदी एलएलएम पर हम पहले से ही कई कंपनियों के साथ साझेदारी में काम कर रहे है।

चर्चा है कि एनवीडिया और टीएसएमसी की साझेदारी तनावपूर्ण हो रही है और एनवीडिया किसी और कंपनी संग काम कर सकती है?

टीएसएमसी और एनवीडिया अभी ब्लैकवेल सिस्टम तैयार करने में काफी व्यस्त हैं और इसका पूरा उत्पादन होना है। टीएसएमसी की असाधारण दक्षता और स्तर के साथ-साथ उनकी प्रबंधन टीम के साथ मिलकर काम करने और ढाई दशक के साथ के बिना इन ब्लैकलेवल सिस्टम तैयार करना, जिनमें सात अलग-अलग चिप शामिल हैं संभव ही नहीं है। इसलिए, टीएसएमसी एक असाधारण कंपनी है और हम साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हमारे लिए विविधता लाना भी काफी जरूरी है। निश्चित तौर पर हमारे पास सैमसंग और इंटेल के साथ भी काम करने का विकल्प है और हम अपना मूल्यांकन करना भी बरकरार रखेंगे।

बड़ी संख्या में जनता के लिए एआई को एनवीडिया कैसे सुलभ बनाएगी? खासकर भारत जैसे देशों में, जो कीमत के प्रति काफी संवेदनशील है?

टोकन यानी एआई की कीमत एक साल में 100 गुना तक कम हो गई है। इसका कारण यही है कि हमने अनुमान की प्रक्रिया बढ़ाने के लिए कई सारे नए एल्गोरिदम तैयार किए हैं। दूसरा, कई सारी ऐसी प्रौद्योगिकी है जिसका आविष्कार स्मॉल लैंग्वेज मॉडल के लिए किया गया है। तीसरा, एनवीडिया का रोडमैप काफी तेज है और एम्पीयर से लेकर हूपर और ब्लैकवेल तक हम हर साल एकम नई प्रौद्योगिकी पेश कर रहे हैं और प्रदर्शन दोगुना कर रहे हैं, जो लागत को आधा अथवा एक तिहाई करने के बराबर है।

भारत के विनिर्माण के संबंध में आप क्या कहेंगे?

चिप डिजाइन में भारत पहले से ही विश्व स्तरीय है। एनवीडिया के चिप बेंगलूरु में डिजाइन किए जाते हैं। हमारा बेंगलूरु, पुणे और हैदराबाद के डिजाइन केंद्रों पर चिप का डिजाइन होता है। भारत पहले ही एआई विकसित कर रहा है। हमारा एआई बेंगलूरु, पुणे और हैदराबाद में विकसित हुआ है। एनवीडिया का एक तिहाई हिस्सा अथवा इससे ज्यादा हिस्सा भारत में है। भारत में बौद्धिक पूंजी मौजूद है। यही कारण है कि विश्व के इतने क्षमता केंद्र यहां हैं। वॉलमार्ट, मर्सिडीज, सीमेंस, कमिंस जैसी कंपनियों के साथ हमारी बेहतरीन साझेदारी है।

देश में एआई कंप्यूट क्षमताएं अगले साल जून तक

अजिंक्य कावले
मुंबई, 24 अक्टूबर

केंद्र सरकार का महत्वाकांक्षी भारत एआई मिशन आखिरकार शुरू हो जाएगा और एआई कंप्यूट क्षमताएं वर्ष 2025 के मध्य तक उपलब्ध होने लगेंगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने आज यह जानकारी दी। अगस्त में सरकार ने 10,372 करोड़ रुपये के भारत एआई मिशन के तहत क्लाउड पर आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) सेवाएं उपलब्ध कराने वाली कंपनियों का पैनल बनाने के लिए बोलियां आमंत्रित की थीं। कंपनियों के पैनल में शामिल होने की प्रक्रिया साल 2024 के आखिर तक पूरी होने की उम्मीद है।

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव अभिषेक सिंह ने कहा, 'निविदा जारी किए जाने के बाद हमने ऐसी विभिन्न कंपनियों के बारे में सुना है जो एआई कंप्यूट के बुनियादी ढांचे में निवेश करने की दिशा में काम कर रही हैं ताकि वे पैनल में शामिल हो सकें। हमें यह प्रक्रिया दिसंबर तक पूरी होने की उम्मीद है। इससे अगले करीब छह महीने में हम भारत में कंप्यूट की उपलब्धता देखेंगे।' सिंह मुंबई में एनवीडिया एआई समिट में बोल रहे थे।

आईटीसी को 5,054 करोड़ रुपये का मुनाफा

बीएस संवाददाता और भाषा
मुंबई/नई दिल्ली, 24 अक्टूबर

विविध कारोबार क्षेत्रों में कार्यरत आईटीसी लिमिटेड का सितंबर, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 1.8 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 5,054.43 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। आईटीसी ने शेयर बाजारों को जुलाई-सितंबर, 2024 तिमाही के वित्तीय परिणाम की सूचना दी। कंपनी ने एक साल पहले की समान अवधि में 4,964.52 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

गोदरेज कंज्यूमर का शुद्ध लाभ 13.5 प्रतिशत बढ़ा

रोजमर्रा के घरेलू उत्पाद बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनी गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 13.52 प्रतिशत बढ़कर 491.31 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। घरेलू बाजार और इंडोनेशिया से कारोबार बढ़ने से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 432.77 करोड़ रुपये रहा था।

कोलगेट-पामोलिव का मुनाफा 6.17 % बढ़ा

दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तएं बनाने वाली कंपनी कोलगेट-पामोलिव इंडिया का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 16.17 प्रतिशत बढ़कर 395.05 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2024-23 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में शुद्ध लाभ 340.05 करोड़ रुपये रहा था।

kotak Kotak Mahindra Bank

कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

सरफॉएसि अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत माँग सूचना

पंजीकृत कार्यालय : 27 बीकेसी, सी-27, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई-400051
शाखा कार्यालय : 7वाँ तल, भूखंड सं. 7, सेक्टर-125, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201313

आप अर्थात् निम्न वर्णित ऋणकर्ता और सह–ऋणकर्ताओं ने बैंक/वित्तीय संस्थान से ऋण(ऋणानेक) प्राप्त किए हैं, जिन्हें अधिक विवरणपरक रूप में यहाँ नीचे आपकी अचल संपत्तियों (प्रतिभूतियों) के बंधकीकरण द्वारा प्रकट किया गया है, और आप ऋणों का प्रतिभुगतान करने में चूक कर चुके हैं। आपके द्वारा चूक किए जाने के फलस्वरूप, आपके ऋणों को अनिष्पादनीय परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया था तथा उक्त ऋण खातों को इससे संबद्ध समस्त अधिकारों, नामाधिकारों और हितों, लाभों, देयराशियों, प्राप्यों के साथ यहाँ नीचे वर्णित एसाइनमेंट के पृथक विलेखों द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के पक्ष में एसाइन्ड कर दिया गया है, और अब बैंक ने उक्त एसाइनमेंट के अनुपालनानुसार और बकाया धनराशियों की वसूली करने के लिए, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत माँग सूचना निर्गत की थी, जिसकी विषयवस्तु को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(2) के अनुसार, आप तक सूचना पहुँचाने की वैकल्पिक सेवा के रूप में तथा उसके माध्यम से, यहाँ प्रकाशित किया जा रहा है।
ऋणकर्ता, सह–ऋणकर्ताओं, प्रतिभूतियों, ऋणदाता, बकाया धनराशियों, धारा 13(2) के अंतर्गत प्रेषित माँग सूचना और उसके अंतर्गत अभ्यर्थित राशि के विवरण निम्नानुसार दिये गये हैं :

ऋणकर्ता, सह–ऋणकर्ताओं के नाम तथा पते, ऋण खाता संख्या, ऋण राशि	अचल संपत्ति के विवरण	1. ऋणदाता का नाम 2. एसाइनमेंट की तिथि 3. माँग सूचना तिथि 4. बकाया देयराशि रु. में
श्री दिव्येश सिंह राठौर, श्री देवेंद्र राठौर के पुत्र और श्रीमती शालनी राठौर, श्री दिव्येश सिंह राठौर की पत्नी, दोनों का पता : 69 न्यू प्रकाश पुरी चौक, सेक्टर–4, गुड़गांव, हरियाणा–122001, भारत और दोनों का पता यहां पर भी है : आरजेड सी–39, महावीर विहार पालम, नई दिल्ली–110045 और दोनों का पता यहां पर भी है : फ्लैट नंबर–301, 3, अटलांटिस, एस. नं. 81/6/1, 81/6/2 और 81/6/3, गांव बिचोली हप्सी, इंदौर, मयंक ब्लू वाटर पार्क के सामने, इंदौर, मध्य प्रदेश– 452001, **ऋण खाता संख्या :** एचओयू/आईएनडी/0316/271601 **स्वीकृत ऋण राशि :** रु. 53,62,024/– (रुपये तिरेपन लाख बासठ हजार चौबीस मात्र)	गांव बिचोली हप्सी इंदौर, मध्य प्रदेश में स्थित फ्लैट नंबर 301 अटलांटिस, खसरा नंबर 81/6/1, 81/6/2 और 81/6/3 के समस्त वह भाग तथा अंश जिसका क्षेत्रफल 2647 वर्ग फीट है, जो निम्नानुसार परिसीमत है :– पूर्व : खुली भूमि, पश्चिम : फ्लैट नं. 302, उत्तर : खुला स्थान, दक्षिण : खुली भूमि **बंधककर्ता का नाम :** श्री दिव्येश सिंह राठौड़ पुत्र श्री देवेंद्र राठौड़	1. पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पीएनबीएचएफएल) 2. 04.03.2023 3. 09.09.2024 4. रु. 94,88,376/– (रुपये चौरानबे लाख अट्ठासी हजार तीन सौ छिहत्तर मात्र) 09.09.2024 तक देय और भुगतानयोग्य, 10.09.2024 से पूर्ण भुगतान होने तक लागू ब्याज के साथ

आप ऋणकर्ता और सह–ऋणकर्ता/ओं को इसलिए निर्देश दिया जाता है कि इस सूचना के 60 दिवसों की समयावधि में यहाँ इसमें उपरोक्त अंकित भावी ब्याज के साथ ऊपर अंकित माँगी गई राशि का पूर्ण भुगतान कर दें। भुगतान करने में विफल रहने पर अधोहस्ताक्षरकर्ता जो हैं वे उपरोक्त–वर्णित प्रतिभूतियों को प्रवर्तित करने के लिए अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करने के लिए बाध्य–विवश होंगे। आपका ध्यान, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है, जिसके आधार पर आपको उपर्युक्त प्रावधान में अनुबंधित अवधि के अंदर प्रतिभूत परिसंपत्ति को ऋण से मुक्त करने की स्वतंत्रता है। कृपया ध्यान दें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार आपको, हमारी सहमति के बिना, उपरोक्त–संदर्भित प्रतिभूतियों को विक्रय, पट्टा के माध्यम से अथवा अन्यथा हस्ताँतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

प्राधिकृत अधिकारी
दिनाँक : 25–10–2024, स्थान : इंदौर
कृते कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

pnb Housing Finance Limited

पंजीकृत कार्यालय : 9वां तल, अंतरिक्ष भवन, 22, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110001,
दूरभाष : 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
शाखा पता : 201 ए, द्वितीय तल, मेगापॉलिस बिल्डिंग, 579, एम जी रोड, इंदौर–452001

अधिग्रहण सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लि. के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 8(1) के अनुपालन में और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगान्तर्गत, मांग सूचना / एं प्रत्येक खाता के समक्ष अंकित तिथि को निर्गत की थी / थीं, जिनमें संबंधित ऋणकर्ता / ओं को प्रत्येक खाता के समक्ष अंकितानुसार राशि का सूचना(ओं) की तिथि / उक्त सूचना(ओं) की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों के अंदर प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
ऋणकर्ता/गण राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल हो चुके हैं, अतएव एतद्द्वारा ऋणकर्ता/ओं को तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यहाँ इसमें निम्न विवरणित संपत्ति / यों का, उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त षक्तियों के प्रयोगान्तर्गत, प्रत्येक खाता के समक्ष अंकित तिथियों पर, अधिग्रहण कर लिया है।
ऋणकर्ता / ओं को विषेष रूप में तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सामान्य रूप में सावधान किया जाता है कि संपत्ति / यों का लेन–देन न करें तथा संपत्ति / यों का कोई व किसी भी प्रकार का लेन–देन, ऋणानुबंध के अनुसार एक निर्धारित बकाया राशि तथा इस राशि पर ब्याज हेतु पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रभाराधीन होगा। **ऋणकर्ता का ध्यान, प्रतिभूत परिसंपत्तियों के मोचनार्थ उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

क्र. सं.	ऋण खाता सं.	ऋणकर्ता / सह–ऋणकर्ता / गारंटर का नाम	माँग सूचना तिथि	बकाया राशि	अधिग्रहण किये जाने की तिथि	बंधककृत संपत्ति का विवरण
1.	NHL/INDV/0719/726800 & NHL/IND/1022/1043321 शा.का.: इंदौर	श्री गिरधारी लाल केसवानी (आवेदक) तथा श्रीमती संगीता केसवानी (सह–आवेदक)	16/01/2024	रु. 26,28,013.07 (रुपये छब्बीस लाख अट्ठाईस हजार तेरह तथा सात पैसे मात्र)	19–10–2024 (भौतिक)	फ्लैट नं. बी 03, भूखण्ड सं. 186, तृतीय तल, काटजू कॉलोनी, सत्यम अपार्टमेंट, इंदौर, मध्य प्रदेश–452001

स्थान : इंदौर, दिनाँक : 24–10–2024
प्राधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
कॉर्पोरेट कार्यालय, चेन्नै

सेलक्ट बचत बैंक योजना के खाताधारकों हेतु समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी हेतु आरएफएपी:

इंडियन बैंक सेलक्ट बचत बैंक योजना के खाताधारकों हेतु समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी के लिए पात्र बीमा कंपनियों से आरएफपी आमंत्रित करता है। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें: **www.indianbank.in**

बिड जमा करने की अंतिम तिथि 15 नवंबर 2024 दोपहर 2:30 बजे तक है।

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
GRIHUM HOUSING FINANCE
(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में अभिज्ञात)
पंजीकृत कार्यालय : 602, 6ठवां तल, जीरो वन आईटी पार्क, सीरि. नं. 79/1, घोरपाड़ी, मुंधवा रोड, पुणे-411036

सरफॉएसि अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत माँग सूचना

आप निम्न वर्णित ऋणकर्ताओं / सह–ऋणकर्ताओं / गारंटरों ने गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विदित, चूँकि नाम पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड जो है वह 17 नवंबर 2023 से प्रभावी होकर गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में परिवर्तित हो चुका है) (पूर्व में मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड तथा मूलतः जीई मनी हाउसिंग फाइनेंस पब्लिक अनलिमिटेड कंपनी के नाम से निगमीकृत) यहां इसमें इसके उपरांत ''प्रतिभूत ऋणदाता'' के रूप में संदर्भित, से अपनी अचल संपत्ति / यों को बंधक रखकर संपत्तिगत सुविधा (ओं) के समक्ष आवास ऋण / ऋणानेक प्राप्त किए हैं। आपने प्रतिभुगतान में चूक की है और इसीलिए आपके ऋण / ऋणानेक खातों को अनिष्पादनीय परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत एक माँग सूचना बकाया धनराशियों की वसूली के लिए अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, जो प्राप्तकर्ताओं को प्राप्त हुए बिना ही वापस लौट आई है। अतः, उस सूचना की विषयवस्तु को, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(2) के अनुसार, आपको सूचना की वैकल्पिक प्राप्ति हो इस रूप में तथा उस उपाय द्वारा, यहां इस विज्ञापन के अंतर्गत प्रकाशित किया जा रहा है।
ऋणकर्ताओं, सह–ऋणकर्ताओं, गारंटरों, प्रतिभूतियों, बकाया धनराशियों, धारा 13(2) के अंतर्गत प्रेषित मांग सूचना तथा उसके अंतर्गत अभ्यर्थित राशि के विवरण निम्नानुसार दिये गये हैं :

क्र. सं.	ऋणकर्ता, सह–ऋणकर्ता, गारंटर के नाम तथा ऋण राशि	प्रतिभूत परिसंपत्ति के विवरण	माँग सूचना तिथि / देय राशि रु. में
1.	शीला देवी जो संतोष कृष्णनी की माता तथा विधिक उत्तराधिकारी है (अब दिवंगत), एम एस गुरु कृपा सेल्स ऋण राशि : रु. 1850000/– ऋण संख्या : HL0224H14100139	संबंधित संपत्ति के समस्त वह भाग तथा अंश जो वार्ड सं. 11, सर्वे क्रमांक 1494 के भाग पर, नई कॉलोनी करेरा तहसील करेरा जिला शिवपुरी (मध्य प्रदेश) में स्थित है, इस संपत्ति का कुल क्षेत्रफल 1800 वर्ग फीट है। यह निष्पादित बिक्री विलेख में विशेष रूप में उल्लिखत है और बिक्री विलेख के अनुसार संपत्ति की सीमाएँ निम्नानुसार हैं :– पूर्व– संपत्ति रघुवर दयाल की, पश्चिम– सड़क, उत्तर– संपत्ति राजा भैया सिरसोड़े वाले की, दक्षिण– सड़क।	04/10/2024 रु. 11,31,830.38/– (रुपये ग्यारह लाख इकतीस हजार आठ सौ तीस और अड़तीस पैसे मात्र) साथ में पुनर्भुगतान तक 16.30% वार्षिक की दर पर भावी ब्याज।

अतः आप ऋणकर्ता / ओं तथा सह–ऋणकर्ता / ओं / गारंटरों को इसलिये निर्देश दिया जाता है कि इस सूचना के 60 दिवसों के अंदर यहां इसमें उपरोक्त अंकितानुसार भावी ब्याज के साथ उपरांकित मांगी गई राशि का पूर्ण भुगतान कर दें। भुगतान करने में विफल रहने पर, अधोहस्ताक्षरकर्ता उपरोक्त वर्णित प्रतिभूति / यों को प्रवर्तित करने के लिए अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करने को बाध्य–विवश होंगे। कृपया ध्यान में रखें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको इस बीच प्रतिबंधित किया जाता है कि आप हमारी सहमति के बिना ऊपर–संदर्भित प्रतिभूतियों का विक्रय, पट्टा के माध्यम से अथवा अन्यथा हस्ताँतरण नहीं कर सकेंगे।

स्थान : शिवपुरी (मध्य प्रदेश)
दिनाँक : 25–10–2024
हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी
गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में अभिज्ञात)

SRG HOUSING FINANCE LIMITED

एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
CIN: L65922RJ1999PLC015440
321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान)
दूरभाष : 0294-2412609, ईमेल: info@srghousing.com, वेबसाइट: www.srghousing.com

परिशिष्ट - 4 {नियम 8 (1)} सांकेतिक की सूचना (स्थावर संपत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरी, जो एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अंतर्गत निम्न ऋणी/सहऋणी/जमानतियों/बन्धककर्ता को एक मांगपत्र जिसमें उल्लेखित रकम, जो उक्त सूचना पत्र की प्राप्ति की तारीख से 60 दिवस के भीतर प्रतिदाय करने के लिए ''मांग पत्र'' जारी किया था। ऋणी/सहऋणी/जमानतियों/बन्धककर्ता द्वारा रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर ऋणी, सहऋणी, बन्धककर्ता, उनके जमानतदारों एवं जनसाधारण को यहाँ सूचना दी जाती है की अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002, के नियम 8 के अंतर्गत निम्न संपत्तियों का सांकेतिक कब्ज़ा उल्लेखित दिनांक को ले लिया है। ऋणी सहऋणी, बन्धककर्ता व जमानतदारो को विशिष्ट रूप से एवं जनसाधारण को सामान्य रूप से इसके द्वारा सावधान किया जाता है की वह नीचे वर्णित संपत्तियों के सम्बन्ध में कोई व्यवहार नही करे। इन संपत्तियों के सबंध में किया गया कोई भी व्यवहार नीचे **सांकेतिक कब्ज़ा** पत्र में वर्णित रकम, और सांकेतिक कब्ज़ा पत्र की दिनांक से आगे के ब्याज, खर्चो, अन्य खर्चो आदि के लिए एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड 321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान) के प्रभार के अधीन होगा। अधोहस्ताक्षरी उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के अंतर्गत सुरक्षित (सिक्योर्ड) प्रतिभूति के उन्मोचन के लिए उपलब्ध समय के प्रावधानों की ओर ऋणी, सहऋणी, बन्धककर्ता व उनके जमानतदारो का ध्यान आकृष्ट करता है।

क्र.	ऋण खाता संख्या/ ऋणी/ सहऋणी/ जमानती	1) मांग पत्र की दिनांक 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार	स्थावर संपत्ति का विवरण
1.	HLR0000000005211 श्रीमती मीरा बाई पत्नी स्वर्गीय श्री भगवान लाल चौधरी (स्वर्गीय श्री भगवान लाल चौधरी के कानूनी उत्तराधिकारी) (ऋणी) श्री नरेन्द्र चौधरी पुत्र स्वर्गीय श्री भगवान लाल चौधरी (स्वर्गीय श्री भगवान लाल चौधरी के कानूनी उत्तराधिकारी) (सह-ऋणी-1) श्री ईश्वर लाल चौधरी पुत्र स्वर्गीय श्री भगवान लाल चौधरी (स्वर्गीय श्री भगवान लाल चौधरी के कानूनी उत्तराधिकारी) (सह-ऋणी- 2) श्री दिलीप चौधरी पुत्र श्री मूलचंद्र चौधरी (जमानती- 1) श्री राजेंद्र सिंह पुत्र श्री सवाई सिंह (जमानती- 2)	1) मांग पत्र की दिनांक- अक्टूबर 22, 2021 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- अक्टूबर 19, 2024 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 5,45,500/- अक्षर रुपये पांच लाख पैंतालिस हज़ार पांच सौ रुपये मात्र दिनांक अक्टूबर 15, 2021 तक एवं अक्टूबर 16, 2021 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त।	श्री भगवान लाल पुत्र श्री बद्री लाल की सम्पति जो की मकान नंबर-212, वार्ड नं.-13, पटवार हल्का नं.-84, ग्राम पंचायत-जाफला, जनपद पंचायत- बड़नगर, तहसील-बड़नगर, जिला-उज्जैन (मध्य प्रदेश) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 675 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-जल निकासी, पश्चिम-सड़क, उत्तर-श्री घनश्याम चौधरी का घर, दक्षिण-श्री मनोहर सिंह चौधरी का घर
2.	HLR0000000010576 श्री मुकेश ठेकला पुत्र श्री रामेश्वर ठेकला (ऋणी) श्रीमती हेमलता ठेकला पत्नी श्री मुकेश थेक्ला (सह-ऋणी) श्री प्रह्लाद कुमार पुत्र श्री बल्दू कुमार (जमानती)	1) मांग पत्र की दिनांक- जुलाई 25, 2024 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- अक्टूबर 19, 2024 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 3,24,660/- अक्षर रुपये तीन लाख चौबीस हज़ार छह सौ साठ रुपये मात्र दिनांक जुलाई 25, 2024 तक एवं जुलाई 26, 2024 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त।	श्री मुकेश ठेकला पुत्र श्री रामेश्वर ठेकला की सम्पति जो की पटवार हल्का नं.- 100, -सर्वे नं.- 297, मकान नं.-74, बुक नं.-14, ग्राम-दोतरू, तहसील-बड़नगर, जिला-उज्जैन (मध्य प्रदेश) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 728 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-भेरू का बाड़ा, पश्चिम-रास्ता, उत्तर-बनेसिंह जी का मकान, दक्षिण- रमेश का मकान

स्थान-मध्य प्रदेश
प्रकाशन की दिनांक- 25/10/2024
अधिकृत अधिकारी
एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

TATA

टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 11वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिनसुला बिजिनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई-400013
शाखा पता : टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, 49 जोन II, निकट सत्याविलास होटल, एम.पी. नगर, भोपाल-462016

अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के साथ पठित नियम 8(6) के तहत)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं नियम 9(1) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

विशेष रूप से निम्नलिखित कर्जदार तथा/सह–कर्जदार, अथवा उनके विधिक उत्तराधिकारियों/प्रतिनिधियों (कर्जदारों) को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (टीसीएचएफएल)** के पास नीचे वर्णित बंधक अचल सम्पत्ति, जिसका कब्जा टीसीएचएफएल के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा कर लिया गया है, नीचे वर्णित कर्जदार तथा सह–कर्जदारों से बकाया देयताओं की वसूली हेतु **''जहाँ है जैसे है'', ''जो है जैसे है'' तथा ''जो भी है वहीं है''** के आधार पर 11.11.2024 को बिक्री की जायेगी। आरक्षित मूल्य तथा धरोहर राशि नीचे उल्लिखित है। एतद्वारा सूचना दी जाती है कि बिक्री के किसी आस्थगन/असततता की अनुपस्थिति में, कथित सम्पत्ति की बिक्री ई–नीलामी द्वारा कथित 11.11.2024 को 2 बजे अप. की जाएगी। ई–नीलामी में भाग लेने हेतु डिमाण्ड ड्राफ्ट सहित मुहरबंद लिफाफा टीसीएचएफएल के अधिकृत प्राधिकारी के पास 09.11.2024 **को 5.00 बजे अप. तक शाखा पता : शाखा पता : टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, 49 जोन II, निकट सत्याविलास होटल, एम.पी. नगर, भोपाल**–462016 पर जमा करनी है।
प्रतिभूत आस्ति/अचल सम्पत्ति की बिक्री **''जहाँ है जैसे है स्थिति''** में नीचे वर्णित संक्षिप्त विवरणों के अनुसार की जायेगी :

क्र. सं.	ऋण खाता सं. तथा शाखा	कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों)/विधिक उत्तराधिकारी(यों)/विधिक प्रतिनिधियों/जमानती(यों) के नाम	मांग सूचना के अनुसार राशि	आरक्षित मूल्य	धरोहर राशि	कब्जे का प्रकार
1.	9787757	श्री मुकेश यादव श्रीमती सुमन यादव	रु. 16,70,160/– (रुपये सोलह लाख सत्तर हजार एक सौ साठ मात्र) 02-06-2021	रु. 11,50,000/– (रुपये ग्यारह लाख पचास हजार मात्र)	रु. 1,15,000/– (रुपये एक लाख पन्द्रह हजार मात्र)	भौतिक

अचल सम्पत्ति का विवरण : उक्त अचल संपत्ति एक आवासीय एवं निर्मित मकान क्रमांक 285 (कोने) का समस्त भाग, क्षेत्रफल 720 वर्ग फीट यानि 66.91 वर्ग मीटर है, जो 'लोटस पार्क' नामक सोसायटी में भूमि राजस्व सर्वे क्रमांक 82/2/2,82/2/3, 82/2/1/1/1, 189/82/1/2/1/1, 85,87/1 एवं 89 पटवारी हल्का क्रमांक 3, ग्रामः पिपलिया गज्जू रोड मंडीदीप तहसीलः गौहरगंज और जिलाः रायसेन, मध्य प्रदेश पर स्थित। सीमाः– पूर्वः– प्लॉट क्रमांक 276, पश्चिमः– कॉलोनी रोड, उत्तरः– प्लॉट क्रमांक 284, दक्षिणः– कॉलोनी रोड

नीलामी में, जनसामान्य को व्यक्तिगत रूप से अपनी संविदा(एं) जमा करने के लिए आमन्त्रित किया जाता है। कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों) को एतद्वारा इस सूचना की तिथि से 15 दिनों के भीतर भावी ब्याज सहित कुल बकाया अदा करने का अन्तिम अवसर दिया जाता है जिसमें असफल रहने पर अचल सम्पत्ति की बिक्री अनुसूची के अनुसार की जायेगी। यदि प्राधिकृत अधिकारी के पास अनुसूची में वर्णित बकाये, ब्याज लागत (बिक्री लागत सहित) जमा कर दी जाती है अथवा उक्त प्रतिभूत ऋण, ब्याज एवं लागत अधोहस्ताक्षरी के पास नीलामी की तिथि से पूर्व जमा कर दिए होने का उनकी संतुष्टि के लिए प्रमाण जमा कर दिया जाता है तो यह ई–नीलामी रोक दी जाएगी।
ऐसे किसी भी अधिकारी या व्यक्ति जिन्हें इस बिक्री के सिलसिले में किसी भी प्रकार के कर्तव्य का निर्वहन करना हो, चाहे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, वे बिक्री की जाने वाली सम्पत्ति में कोई हित अर्जित या अर्जित करने का प्रयास नहीं करेंगे।
यह बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 में निर्दिष्ट शर्तों तथा अधोलिखित शर्तों के अधीन होगी :
नोट : यह ई–नीलामी बिक्री प्रति 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ पोर्टल https://bankauctions.in/ के माध्यम से 11.11.2024 **को 2.00 बजे अप से 3.00 बजे अप के बीच आयोजित की जायेगी।**
नियम एवं शर्तें : 1. संलग्न अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार प्रस्तुत किये गये हैं, लेकिन इस उद्घोषणा में किसी गलती अथवा खामी के लिये अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नहीं होंगे। यदि बोली राशि अथवा बोलीदाता से संबंधित कोई विवाद उत्पन्न होता है तो प्रतिभूत लेनदार के विवेकानुसार लॉट को फिर से नीलामी पर प्रस्तुत किया जायेगा। 2. आरक्षित मूल्य से कम में सम्पत्ति की बिक्री नहीं की जायेगी। 3. बोली वृद्धि राशि **रु. 10,000/– (रुपये दस हजार मात्र)** होगी। 4. सम्पत्ति के विक्रय हेतु जमा की गयी समस्त संविदाओं के साथ ऊपर लिखे के अनुसार जमा धरोहर राशि शाखा पता में देय **''टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि.''** के पक्ष में डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में जमा करनी होगी। असफल संविदाकारों को नीलामी के पश्चात डिमाण्ड ड्राफ्ट वापस कर दिया जायेगा। एनईएफटी/आरटीजीएस/आईएमपीएस के माध्यम से ईएमडी जमा करने के लिए कृपया अधिकृत प्राधिकारी से सम्पर्क करें। 5. उच्चतम संविदाकार को सफल संविदाकार घोषित कर दिया जायेगा बशर्ते कि वह संविदा के लिए वैधानिक रूप से पात्र हो और बशर्ते कि उसके द्वारा संविदा की राशि आरक्षित मूल्य से कम न हो। यदि प्रस्तावित मूल्य स्पष्ट रूप से इतना अपर्याप्त हो कि यह ऐसा करने के लिए अपरामर्शनीय हो तो 'अधिकृत प्राधिकारी' का विशेषाधिकार होगा कि वह उच्चतम संविदा की स्वीकृति को मना कर दे। 6. कारणों को अभिलिखित करने हेतु, 'अधिकृत प्राधिकारी' विक्रय को स्थगित/अनिरन्तर करने का विशेषाधिकार रखेगा। 7. सम्पत्ति का निरीक्षण 28.10.2024 **को 11 बजे प्रातः से 5.00 बजे सायं** के बीच किया जा सकता है। 8. सफल क्रेता घोषित किये गये व्यक्ति को ऐसी उद्घोषणा के तुरन्त बाद क्रय राशि/संविदा जिसमें ईएमडी राशि शामिल है, का पच्चीस प्रतिशत 'अधिकृत प्राधिकारी' के पास 24 घंटे के भीतर जमा करना होगा और इस राशि के जमा करने में असफल रहने पर सम्पत्ति को निजी सन्धि द्वारा पुनः नीलामी/बिक्री के लिए रखा जायेगा। 9. यदि उपर्युक्त के अनुसार प्रारम्भिक राशि अदा कर दी जाती है तो क्रय राशि की शेष देय राशि क्रेता द्वारा सम्पत्ति के विक्रय की पुष्टि की तिथि के 15वें दिन को या इससे पूर्व 'अधिकृत प्राधिकारी' के पास जमा करनी होगी, यदि उस 15वें दिन रविवार या कोई अन्य अवकाश होता है तो इसे 15वें दिन के बाद पहले कार्यालयी दिन पर जमा करनी होगी। 10. उपरोक्त अवधि में भुगतान में चूक करने पर निजी सन्धि द्वारा सम्पत्ति की फिर से नीलामी/बिक्री की जायेगी। ईएमडी सहित जमा की गई राशि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा जब्त कर ली जायेगी तथा चूक करने वाले क्रेता उस सम्पत्ति के सभी दावों से वंचित हो जाएंगे। 11. टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को सम्पत्ति के प्रति देय अधिभारों की जानकारी का विवरण शून्य, सम्पत्ति पर रखे गये दावे अथवा उस प्रकृति एवं मूल्य के अन्य ज्ञात विवरणः शून्य। इच्छुक संविदाकार को सम्पत्ति कर, बिजली आदि के विधिक बकायों सहित सम्पत्ति पर ऋणभारों से सम्बन्धित अपनी स्वतन्त्र पूछताछ करने का परामर्श दिया जाता है। 12. अन्य विवरणों अथवा ऑनलाइन ई–नीलामी प्रक्रिया पर प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता अन्य विवरणों अथवा ऑनलाइन ई–नीलामी प्रक्रिया पर प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता हमारे सेवा प्रदाता **मैसर्स 4क्लोजर, ब्लॉक नं. 605 ए, 6ठा तल, मैत्रीवनम कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, अमीरपेत, हैदराबाद**–500038 से इसके समन्वयक कर्नाटक एवं गोवा, श्री अरिजित कुमार दास, मोबाइल नं. 8142000809, ई–मेल : **srinivas@bankauctions.in** तथा तेलंगाना एवं आन्ध्र प्रदेश मोबाइल नं. 8142000064, **prakash@bankauctions.in** तथा ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, पूर्वोत्तर राज्य मोबाइल नं. 814200030, **pradhan@bankauctions.in** तथा तमिलनाडु एवं केरल मोबाइल नं. 8142000735, **dinesh@bankauctions.in** तथा दिल्ली, रा.रा.क्षे., पंजाब, गुजरात, हरियाणा एव उत्तरी राज्य मोबाइल नं. 9515160064, **prakash@bankauctions.ind** तथा महाराष्ट्र, गुजरात एवं मध्य प्रदेश मोबाइल नं. 8142000725, **Arijit@bankauctions.in** तथा ई–मेल : **lnfo@bankauctlons.ln** अथवा मनीष बंसल से ई–मेल आईडी : **Manish.Bansal@tatacapital.com** अधिकृत प्राधिकारी मोबाइल नं. 8588983696 से सम्पर्क कर सकते हैं। कृपया अपनी पूछताछ ह्वाट्सएप नम्बर : 9999078669 पर करें। 13. उच्चतम घोषित संविदा राशि पर 1% टीडीएस देना होगा और यह उच्चतम संविदाकार द्वारा अदा किया जायेगा। उच्चतम संविदाकार द्वारा भुगतान स्वामी/कर्जदार(रों) के पैन पर जमा करनी होगी तथा चालान की प्रति हमारी कम्पनी के पास जमा करनी होगी। 14. उपर्युक्त विवरण कृपया लिए प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट **http://surl.li/byhijc** में प्रावधानित लिंक देखें। 15. कृपया लिंक **https://www.tatacapital.com/property-disposal.html** भी देखें।
कृपया ध्यान दें : टीसीएचएफएल ने इस सम्पत्ति की बिक्री/नीलामी हेतु उल्लिखित नीलामी साझेदार के अतिरिक्त किसी ब्रोकर/एजेंट को नहीं नियुक्त किया है। इच्छुक संविदाकार केवल अधोहस्ताक्षरी या अधिकृत प्राधिकारी से इस मामले में सभी पूछताछ एवं जानकारी के लिए सम्पर्क करें।

स्थान : भोपाल
तिथि : 25.10.2024
ह./– (प्राधिकृत अधिकारी)
टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

TATA POWER-DDL

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड
टाटा पावर एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम
रजि. आफिस : एनडीपीएल हाउस, हडसन लाइन, किंग्सवे केम्प, दिल्ली–110009
फोन : 66112222, फैक्स : 27468042, ईमेल : TPDDL@tatapower-ddl.com
CIN No. : U40109DL2001PLC111526, वेबसाइट : www.tatapower-ddl.com

निविदा सूचना आमंत्रित Oct 25, 2024

टाटा पावर–डीडीएल निम्न मदों के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:

निविदा पूछताछ सं. कार्य का विवरण	अनुमानित लागत/धरोहर जमा राशि (रु)	बोली दस्तावेज की बिक्री	बोली जमा कराने की अंतिम तारीख और समय/ निविदा खोलने की तारीख और समय
TPDDL/PMG/Tender/Power/Purchase-2024-25/01 Notice Inviting bids for procurement of Up to 300 MW RTC/Slot wise power under Short Term arrangement for the period from 16.04.2025 to 30.09.2025.	As per Guidelines for short term procurement of power notified by the Ministry of power as amended from time to time.	25.10.2024	19.11.2024;1300 Hrs/ 19.11.2024;1330 Hrs

सम्पूर्ण निविदा एवं शुद्धिपत्र दस्तावेज हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध
website **www.tatapower-ddl.com**→Vendor Zone →Tender / Corrigendum Documents
Contracts - 011-66112222

पावरग्रिड POWERGRID

अरुणाचल प्रदेश की पारेषण प्रणाली सुदृढ़ीकरण हेतु व्यापक योजना से संबद्ध टावर पैकेज-टीडब्ल्यू32बी हेतु टावर पैकेज (ए) टीडब्ल्यू27 मल्टी सर्किट एम/सी भाग : (i) 132केवी एस/सी (डी/सी टावर्स पर) नाहरलगुन-सगाली टी/एल, (ii) 132केवी एस/सी (डी/सी टावर्स पर) नाहरलगुन-बन्देरदेवा टी/एल तथा (iii) 132केवी एस/सी (डी/सी टावर्स पर) नाहरलगुन-गेरूमुख टी/एल और (बी) टीडब्ल्यू08 132केवी एस/सी (डी/सी टावर्स पर) नाहरलगुन-सगाली टी/एल के शेष कार्य के लिए निविदा आमंत्रण (आईएफबी)। विशिष्टि सं. : सीसी/एनटी/डब्ल्यू-टीआर/ डीओएम/ए04/24/14398

एकल चरण दो लिफाफा (एसएसटीई) निविदा प्रक्रिया (निधि : घरेलू)
(ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से घरेलू प्रतियोगी बोली) **दिनांक : 25.10.2024**

पावरग्रिड द्वारा ई-टेंडरिंग पोर्टल **https://etender.powergrid.in** के माध्यम से नीचे लिखे पैकेज हेतु दिनांक 25.10.2024 को ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं :

आरएफएक्स. सं. टेली.	पैकेज संदर्भ	निविदा प्रपत्रों की डाउनलोडिंग; निविदा प्रपत्रों का मूल्य	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि (सॉफ्ट कॉपी भाग)
5002003983 0124-2823318	सीसी/एनटी/डब्ल्यू–टीआर/डीओएम/ए04/24/14398	15.11.2024 तक; समय : 1100 बजे तक **दस्तावेज शुल्क :** रुपये 25,000/-	**सॉफ्ट कॉपी भाग :** 15.11.2024 तक समय : 1100 बजे तक

1. निविदा कार्यक्रम में अनुशेष/परिवर्तन, यदि कोई हो, सहित अधिक जानकारी हेतु कृपया प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://etender.powergrid.in** देखें।
2. निविदाओं का पहला लिफाफा (तकनीकी-वाणिज्यिक भाग) निविदा जमा करने (सॉफ्ट कॉपी) के अंतिम समय के 30 मिनट बाद खोला जाएगा।
3. सम्पूर्ण निविदा प्रपत्र हमारी वेबसाइट **http://www.powergrid.in** भारत सरकार के सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **(https://eprocure.gov.in)** पर भी केवल संदर्भ के उद्देश्य हेतु उपलब्ध है।

PG/CC/NIT-15/Ad-142/24-25airads

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
कॉरपोरेट कार्यालयः ''सौदामिनी'', प्लाट सं. 2, सेक्टर–29, गुरुग्राम–122001 (हरियाणा) फोनः 0124–2571700–719
पंजीकृत कार्यालयः बी–9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110016 फोनः 011–26560112, 26560121
www.powergrid.in, सीआईएन : L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

भोपाल संस्करण : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा दैनिक भास्कर, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म. प्र. 462023 से मुद्रित एवं सी/ओ अशोक कुमार जैन, शॉप नं. 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल- 462001 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल\ आरएनआई नं. MPHIN/2008/24603 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं